पाठ 47　日本語教師になるのが夢です

निहोन्गो-क्योउशि नि नारु नो गा युमे देसु

先生	最後に、みなさんの夢を教えてください。	अन्त में, सब अपने सपने बताइए।
प्रोफ़ेसर	साइगो नि, मिनासान् नो युमे ओ ओशिएते कुदासाइ।	
ロドリゴ	僕は日本を１周したいです。	मैं जापान का चक्कर लगाना चाहता हूँ।
रोड्रिगो	बोकु वा निहोन् ओ इश्शुउ शिताइ देसु।	
アンナ	私は・・・日本語教師になるのが夢です。	मेरे लिए तो... जापानी भाषा की शिक्षक बनना मेरा सपना है।
आन्ना	वाताशि वा... निहोन्गो-क्योउशि नि नारु नो गा युमे देसु।	

व्याकरण सीखें

① _ नि नारिमासु (_ बनना)

◈ **नि** बदलाव का परिणाम दर्शाता है।

उदाहरण) निहोन्गो-क्योउशि नि नारिमासु। (मैं जापानी भाषा का शिक्षक बनूँगा/बनूँगी।)

② क्रिया का मूल-रूप/ता-रूप + नो : क्रिया को संज्ञा में बदलने का तरीक़ा

◈ क्रिया को संज्ञा में बदलने के लिए, उसके मूल-रूप या **ता**-रूप के साथ **नो** लगाते हैं।

उदाहरण) निहोन्गो-क्योउशि नि नारु नो गा युमे देसु।

क्रिया **नारिमासु** (बनना) का मूल-रूप

(जापानी भाषा का शिक्षक बनना मेरा सपना है।)

◈ **नो** की जगह **कोतो** का इस्तेमाल भी कर सकते हैं।

उदाहरण) निहोन्गो-क्योउशि नि नारु कोतो गा युमे देसु।

शब्दों की पोटली

यह शब्द बताता है कि कोई बिना अटके, प्रवाह में बोल या पढ़ रहा है।

यह शब्द बताता है कि कोई जल्दी-जल्दी और लगातार बोल रहा है या कोई ऐसी बात बता रहा है जो नहीं बतानी चाहिए।

Created by NHK WORLD © ver. April 2015